प्रेस नोट - दिनांक 20.11.2024

थाना अचलगंज, जनपद उन्नाव ।

हत्या का आरोपी गिरफ्तार

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना अचलगंज पुलिस द्वारा हत्या के अभियोग प्रकाश में आये अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

संक्षिप्त विवरण- दिनांक 17.11.2024 को प्रार्थी नवीन कुमार पुत्र स्व सुनील कुमार निवसी ग्राम अडेरुवा थाना अचलगंज जनपद उन्नाव का निवासी है प्रार्थी लगभग तीन माह से अपने परिवार का भरण पोषण करने हेतू जिला कोणी कोट केरल में मजदूरी करता है, प्रार्थी के घर पर वर्तमान समय में प्रार्थी की बहन शिवां, दादी. व पिता जी घर पर रहते थे दिनांक 15/11/2024 को शाम करीब 5 बजे मेरे पिता जी सुनील कुमार गाँव में ही अपने पान मसाला व टायर पंचर की गुमटी पर गये थे फिर उसके बाद मेरे पिता जी रात को उक्त गुमटी में सो गये थे सुबह करीब 7 बजे जब मेरी दादी मेरे पिता जी को चाय लेकर गयी तो देखा। कि मेरे पिता जी मृत्य अवस्था में गुमटी के अन्दर तखत पर पड़े मिले मुझे पूरा विश्वास है कि मेरे पिता जी की हत्या किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा कर दी गयी है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना अचलगंज पर मु0अ0सं0 357/24 धारा 103(1) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। आज दिनांक 20.11.2024 को प्रभारी निरीक्षक श्री राजेश्वर त्रिपाठी मय हमराह फोर्स द्वारा मुकदमा उपरोक्त में प्रकाश में आये अभियुक्त रज्जन पुत्र छोटा नि0 ग्राम अडेरूवा थाना अचलगंज उन्नाव उम्र 54 वर्ष को मोहद्दीनपुर से अड़ेरूवा जाने वाले रास्ते पर बने नवनिर्मित हाइवे के अण्डर पास से गिरफ्तार गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1. रज्जन पुत्र छोटा नि0 ग्राम अडेरूवा थाना अचलगंज उन्नाव उम्र 54 वर्ष

गिरफ्तारी करने वाली टीमः-

1.SHO श्री राजेश्वर प्रसाद त्रिपाठी
2.का0 प्रवीण चौरसिया